दिन–सोमवार दिनांक– 24 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सीबीआई ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एन.एच.ए.आई के जेनरल मैनेजर सहित चार लोगों को पंद्रह लाख रूपये रिश्वत लेते हुए गिरफतार किया।

02. संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों के वेतन और पेंशन में चौबीस प्रतिशत की वृद्धि। सांसदों का मासिक वेतन एक लाख से बढ़कर एक लाख चौबीस हजार रुपये हुआ।

03. केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को बीस प्रतिशत से घटाकर शून्य किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– सरकार के इस फैसले से प्याज उत्पादकों को अच्छी कीमत मिलेगी।

04. और, विधानसभा में विनियोग विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित। चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक।

---

सीबीआई ने पंद्रह लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के महाप्रबंधक सहित चार आरोपियों और एक निजी कंपनी के महाप्रबंधक सहित तीन निजी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपियों के ठिकाने से एक करोड़ अठारह लाख पचसी हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। सीबीआई की ओर से यह छापेमारी बिहार के पटना, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और पूर्णिया के साथ झारखंड के रांची और यूपी के वाराणसी में आरोपियों के आवासीय और कार्यालय परिसरों में की गई।

---

केंद्र सरकार ने संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ता और पेंशन में चौबीस प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। संसद सदस्यों का मासिक वेतन एक लाख रुपये से बढ़ाकर एक लाख चौबीस हजार रुपये कर दिया गया है। दैनिक भत्ता दो हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार पांच सौ रुपये और मासिक पेंशन पच्चीस हजार रुपये से बढ़ाकर इकतीस हजार रुपये कर दी गई है। यह वृद्धि पहली अप्रैल दो हजार तेईस से प्रभावी होगी।

---

केन्द्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को समाप्त कर दिया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बताया कि प्याज पर हाल ही में निर्यात शुल्क चालीस प्रतिशत से घटाकर बीस प्रतिशत किया गया था। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजारों तक किसानों की पहुंच को आसान बनाने के लिए अब इस शुल्क को शुन्य कर दिया गया है।

———बाइट———

---

विधानसभा में आज बिहार विनियोग विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित हो गया। विधेयक पर चर्चा के बाद सरकार की तरफ से जवाब देते हुए उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार ने बजट में बिहार को बड़ी राशि आवंटित की है। श्री चौधरी ने कहा कि राजद के शासनकाल में बिहार एक पिछड़ा राज्य था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में आज बिहार विकास के नए पैमाने तय कर रहा है।

———बाइट———

---

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चर्चा में भाग लेते हुए आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने बजट में बिहार की उपेक्षा की है। श्री यादव ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार बिहार सबसे गरीब राज्य है।

———बाइट———

विधानसभा में आज वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का जेंडर बजट सदन के पटल पर रखा गया। इसके अलावा हरित बजट और बाल कल्याण योजनाओं के लिए भी बजट पेश किया गया।

---

विधानसभा में बांध परियोजना के विस्थापितों और समाज के कमजोर वर्गों को आरक्षण नहीं देने सहित कई अन्य मुद्दों को लेकर सदन में विपक्षी दल सीपीआई माले तथा राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यों ने हंगामा किया। सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरु हुई माले के सदस्य सत्यदेव राम सहित उनकी पार्टी के कई विधायक सदन के बीच में आकर हंगामा करने लगे। हंगामे के बीच ही सदन की कार्यवाही चली। इधर, विधान परिषद में प्रतिपक्ष की नेता राबड़ी देवी के नेतृत्व में राजद के पार्षदों ने राज्य में कानून व्यवस्था की विफलता के मुद्दें पर नीतीश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

---

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि राज्य में उद्योग लगाने के लिए जगह की कमी नही है। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री मिश्रा ने कहा कि सरकार ने उद्योगों के लिए जमीन की आवश्यकता और नये क्षेत्रों में औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए तीन हजार एक सौ एकड़ से अधिक का लैंड बैंक बनाया है।

———बाइट———

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने राजद के उस आरोप को गलत ठहराया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत खराब है। श्री सिंह ने कहा कि यह मुद्दा उठाकर राजद लोगों को गुमराह कर रहा है।

———बाइट———

---

राज्य के दस हजार से अधिक शिक्षकों का आज तबादला कर दिया गया। बीमार और दिव्यांग सहित विशेष समस्याओं से ग्रसित कुल छह श्रेणी के शिक्षकों का ट्रांसफर किया गया है। इस ट्रांसफर में दूसरे जिलों में पदस्थापित शिक्षकों को लाभ

मिला है। ट्रांसफर में पति के पदस्थापन के आधार पर सबसे अधिक पाँच हजार दो सौ अट्ठासी और दिव्यांगता के आधार पर दो हजार छह सौ पचासी शिक्षकों का तबादला किया गया है। वहीं, गंभीर रूप से बीमार नौ सौ सैंतीस और असाध्य रोग से ग्रसित दो सौ छब्बीस शिक्षकों का भी ट्रांसफर किया गया है। ट्रांसफर किए गए सभी शिक्षकों को विद्यालय का आवंटन दस अप्रैल से बीस अप्रैल तक किया जायेगा। यह ट्रांसफर शिक्षकों का एच्छिक स्थानांतरण माना जायेगा।

---

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आज राज्य के पचहत्तर हजार से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त का वितरण किया गया। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के तहत पचहत्तर हजार दो सौ पचानवें लाभार्थियों को चालीस हजार रुपये की पहली किस्त प्रदान की। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री ने बताया कि इस पर कुल तीन सौ एक करोड़ अठारह लाख रुपये का व्यय हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब और बेघर परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

———बाइट———

---

पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव समाप्त होने के साथ ही प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होगी।

———बाइट———

---

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष चौबीस मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। 'वर्ष उन्नीस सौ बयासी में डॉक्टर रॉबर्ट कोच ने टीबी के बैक्टीरिया की खोज की थी। केंद्र सरकार ने देश में टीबी उन्मूलन के लिए कई प्रयास किये हैं। राज्य की तीन सौ चौवालीस पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। विश्व तपेदिक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा राज्य ने इन पंचायतों को आधिकारिक रूप से टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया। इस अवसर पर इक्कीस जिलों के यक्ष्मा पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

---

आज विश्व तपेदिक दिवस है। टीबी के हानिकर स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में जागरूकता लाने और वैश्विक स्तर पर इसके उन्मूलन के प्रयास तेज करने के लिए प्रत्येक वर्ष चौबीस मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– हां, "हम क्षय रोग का खात्मा कर सकते हैं" प्रतिबद्धता, निवेश और परिणामी प्रयासश्। ब्योरा हमारे संवाददाता से –

–––बाइट–––

देश को टी.बी. मुक्त बनाने की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। इनमें जोखिम आबादी वाले क्षेत्र में टी.बी. की पहचान, टी.बी. रोगियों को मुफ्त दवा और निदान प्रदान करना और निक्षय पोषण योजना के तहत रोगी को प्रति माह एक हजार रुपये की राशि प्रदान करना शामिल है। इसके अलावा, सरकार द्वारा चिन्हित प्राथमिकता वाले जिलों में सौ दिन का टी.बी. उन्मूलन अभियान भी शूरू किया गया, ताकि टी.बी. के छूटे हुए मामलों का पता लगाया जा सके, मृत्यु दर में कमी लाई जा सके और नए मामलों को रोका जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2024 की वैश्विक टी.बी. रिपोर्ट के अनुसार भारत में टी.बी. के मामलों की संख्या में 17 दशमलव सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह संख्या वर्ष 2015 के प्रति लाख जनसंख्या पर 237 थी, जो घटकर 2023 में 195 पहुंच गई। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार आने वाले दिनों नें एक विकसित राज्य बनेगा। गांधी मैदान पटना में तीन दिवसीय बिहार दिवस समारोह के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो हजार सैंतालीस तक बिहार को विकसित राज्य बनाने का सपना देखा है। बिहार भी उसमें भागीदार होगा।

———बाइट———

---

वैशाली के सोनपुर के रहने वाले राहुल श्रीवास्तव को रूस में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कराटे चौंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। वर्ल्ड कराटे चौंपियनशिप रूस में पांच से आठ अप्रैल तक आयोजित किया गया है। सोनपुर स्थित हरिहर क्षेत्र के एक छोटे से गांव भरपुरा के रहने वाले राहुल श्रीवास्तव कराटे चौंपियन हैं और कई स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

---

01. सीबीआई ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एन.एच.ए.आई के जेनरल मैनेजर सहित चार लोगों को पंद्रह लाख रूपये रिश्वत लेते हुए गिरफतार किया।
02. संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों के वेतन और पेंशन में चौबीस प्रतिशत की वृद्धि। सांसदों का मासिक वेतन एक लाख से बढ़कर एक लाख चौबीस हजार रुपये हुआ।
03. केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात शुल्क को बीस प्रतिशत से घटाकर शून्य किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– सरकार के इस फैसले से प्याज उत्पादकों को अच्छी कीमत मिलेगी।
04. और, विधानसभा में विनियोग विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित। चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक।

---

समाप्त